“हिन्दुस्तान” दिनांक–06.08.2010

बिहार सरकार

कारा निरीक्षणालय

गृह (कारा) विभाग

सूचना

परिधापक के पदों पर नियुक्ति हेतु संशोधित विज्ञापन

विज्ञापन संख्या पी0आर0–2916 (कारा) 10–11 द्वारा बिहार राज्य के काराओं में परिधापक के 88 रिक्त पदों पर आरक्षणवार नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है । उपर्युक्त विज्ञापन की कंडिका 5 एवं 9 में आंशिक संशोधन करते हुए सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने समय–सीमा के अन्दर आवेदन समर्पित कर दिया है वे आवेदन–पत्र प्रेषित किये जाने की प्रमाण की छाया प्रति के साथ आयु, जाति, शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति भी 15 दिनों के अंदर निबंधित डाक द्वारा कारा निरीक्षणालय, बिहार, पटना को उपलब्ध करावें ।

2. जो आवेदक उपर्युक्त प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति समय–सीमा के अन्दर नहीं उपलब्ध करावेंगे उनका आवेदन रद्द कर दिया जायेगा ।

3. यह सूचना मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों पर लागू होगी जो समय–सीमा के अन्दर आवेदन कर चुके हैं ।

कारा महानिरीक्षक,
बिहार, पटना ।

पी0आर0–4799 (कारा) 10–11